# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान जल्द शुरू होगा

**पहल**

- युवाओं को ब्याजमुक्त ऋण देगी योगी सरकार
- 10 लाख युवा उद्यमियों को तैयार करने का लक्ष्य

लखनऊ,विशेष संवाददाता। सीएम योगी की महत्वाकांक्षी योजना 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' प्रदेश में जल्द शुरू होने जा रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्ययोजना तैयार कर उनके समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

प्रदेश के युवाओं में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार इस योजना के जरिए प्रतिवर्ष एक लाख युवा उद्यमियों को तैयार करेगी। इसके लिए सरकार की ओर से पांच लाख तक की परियोजनाओं के लिए ब्याजमुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। योगी सरकार ने बजट 2024-25 में इस योजना के लिए एक हजार करोड़ रुपये का प्रावधान भी कर दिया है। शिक्षित व प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने, नए एमएसएमई की स्थापना के साथ ही ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रोजगार सृजन के उद्देश्य से योगी सरकार की ये एक नई पहल है। इस योजना के तहत उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की अधिकतम 5 लाख रुपये तक की परियोजना को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा।